हरिभूमि

जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 23 अक्टूबर 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 16.2 डिग्री

4

अंडर 14 में जिंदल स्कूल बना राष्ट्रीय चैंपियन फाइनल में 4-1 से जीत के लिए क्वालीफाई





खबर संक्षेप

दिव्यांग छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 तक

जशपुरनगर। समाज कल्याण विभाग जशपुर के उपसंचालक धर्मेन्द्र कुमार साहू ने जानकारी दी है कि, जिले में कक्षा पहली से 12वीं तक अध्ययनरत दिव्यांग छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से छात्रवृत्ति के लिए 30 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए विद्यार्थियों को सबसे पहले एनएसपी पोर्टल पर वन टाइम रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके बाद 'एप्लाई फॉर स्कॉलरशिप' विकल्प के माध्यम से लॉगिन कर आधार सत्यापन करना होगा तथा आवश्यक जानकारी भरकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। आवेदन के लिए मूल निवास प्रमाण पत्र, दिव्यांगता प्रमाण पत्र, नवीनतम आय प्रमाण पत्र एवं पिछले शैक्षणिक वर्ष की अंकसूची अनिवार्य है। विद्यालय स्तर पर होगा आवेदनों का सत्यापन- ऑनलाइन आवेदन पूर्ण होने के बाद आवेदन संबंधित विद्यालय की संस्था आईडी में प्राप्त होगा।

सीएचसी के बाहर लगा था ताला, तड़पती रही प्रसूता

अंबिकापुर। बलरामपुर जिले के राजपुर विकासखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई है। राजपुर के पीएचसी रेवतपुर में चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी ताला लगाकर नदारत रहे जबकि प्रसूता अस्पताल के बाहर प्रसव पीड़ा से तड़पती रही। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। मामले में सीएमएचओ ने जांच के निर्देश दी है। बताया जा रहा है कि 20 अक्टूबर को परिजन प्रसव पीड़ा से तड़प रही महिला को लेकर राजपुर सीएचसी के अंतर्गत आने वाले रेवतपुर पीएचसी लेकर पहुंचे थे लेकिन दिन के समय ही पीएचसी में ताला लगा हुआ था। ड्यूटी के टाइम पर अस्पताल एक चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी नदारत थे। ऐसे में आक्रोशित परिजन ने घटना का वीडियो बानाकर वायरल कर दिया। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद सीएमएचओ डॉ. विजय सिंह ने बीएमओ राजपुर को मामले की जांच निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि सूचना के बाद मामले की जांच चल रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षक के घर में चोरी नगद सहित गहने पार

बिश्रामपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम सतपता चन्द्रिकापारा निवासी शिक्षक देवचरण राम के सुने घर में दबिश देकर अज्ञात चोरों ने करीब 23 हजार रुपये नगदी रकम समेत सोने चांदी के जेवरात पार कर दिया,कुल चोरी हुए सामान की कीमत ढाई लाख से तीन लाख के बीच आंकी गई है। बताया गया कि शिक्षक देवचरण राम सूरजपुर जिला मुख्यालय के स्कूल में पदस्थ हैं,वे सपरिवार सतपता में रहते हैं,बीती रात वे सपरिवार विजयादशमी मेला घूमने गए थे,इस दौरान उन्होंने घर में ताला लगा दिया था,प्राप्त जानकारी अनुसार अज्ञात चोर इस दौरान रात्रि आठ बजे से दस बजे के बीच घर को सुना पाकर प्रवेश द्वार का ताला तोड़ते हुए भीतर घुसे एवं दो आलमीरा के लॉक तोड़कर उसमें रखे 23 हजार रुपये नगदी रकम सहित जेवरात झुमका,अंगूठी,चैन, पायल सहित अन्य समान अपने साथ ले भागे,जब शिक्षक मेला से वापस लौटे तो पाया कि उनके घर का दरवाजा टूटा हूआ है और भीतर पूरा समान बिखरा पड़ा है,जब उन्होंने पूरे सामानों का मिलान किया और थाने पहुंचकर पुलिस को सूचना दी,घटना में स्थानीय बदमाश युवकों की संलिप्तता होने की पुलिस जांच कर रही है।

परिवार की तत्परता से पाया गया आग पर काबू, कोई जनहानि नहीं

कबाड़ से भरे पिकअप में लगी आग, हजारों का माल खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के नारायणपुर थाना क्षेत्र के पोखरा टोली में बुधवार रात कबाड़ से भरी खड़ी एक पिकअप में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में लपटें वाहन की ड्राइवर सीट तक पहुंच गईं। गनीमत रही कि समय रहते आग का पता चल गया और परिवार के लोगों ने तत्परता से आग पर काबू पा लिया। यदि आग बुझाने में थोड़ी और देर हो जाती, तो पूरा पिकअप वाहन जलकर खाक हो सकता था। घटना में कबाड़ के सामान के साथ वाहन को भी नुकसान पहुंचा है।

वाहन में आग कैसे लगी, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नारायणपुर थाना अंतर्गत पोखरा टोली निवासी सरफिऊद्दीन आजाद लंबे समय से कबाड़ का व्यवसाय करते हैं। वह रोजाना की तरह कबाड़ का सामान खरीदने और बेचने का काम करते हैं। बुधवार रात लगभग 8 बजे उन्होंने अम्बिकापुर में बेचने के लिए कार्टून और अन्य कबाड़ का सामान अमरदीप एक्का के पिकअप क्रमांक यूपी 64 बीटी 2032 में लोड कराया था। सामान लोड करने के बाद पिकअप को अपने घर के सामने खड़ा कर दिया गया था, ताकि गुरुवार सुबह जल्दी अम्बिकापुर के लिए रवाना होकर कबाड़ का सामान बेचा जा सके।



खड़ी पिकअप में आग लगने से उठे सवाल

कबाड़ व्यवसायी सरफिऊद्दीन आजाद के अनुसार, उन्होंने रात करीब 8 बजे पिकअप में सामान लोड कराया था। इसके बाद खाना खाकर सोने चले गए थे। रात करीब साढ़े 10 बजे एक व्यक्ति ने उन्हें वाहन में आग लगने की जानकारी दी, जिसके बाद वे तत्काल बाहर निकले और आग बुझाने में जुट गए। आजाद का कहना है कि वाहन बंद हालत में घर के सामने खड़ा था। ऐसे में उनके मन में आग लगने के कारणों को लेकर संदेह है। उन्हें आशंका है कि किसी असामाजिक तत्व ने जानबूझकर वाहन में आग लगाई हो सकती है। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों की पुष्टि अभी नहीं हुई है। किसी व्यक्ति द्वारा जानबूझकर आग लगाए जाने की आशंका की जांच पुलिस की पड़ताल के बाद ही हो सकेगी।

कबाड़ के साथ वाहन को भी नुकसान

इस घटना में पिकअप में लोड कार्टून और अन्य कबाड़ के सामान को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा आग की लपटें ड्राइवर सीट तक पहुंचने से वाहन भी प्रभावित हुआ है। कबाड़ व्यवसायी के अनुसार, आग लगने से हजारों रुपये के सामान का नुकसान हुआ है। वाहन को हुए नुकसान का आकलन अलग से किया जाना है। रात के समय अचानक हुई इस घटना से व्यवसायी को आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है।

जांच के बाद सामने आएगा सच

घटना के बाद कबाड़ व्यवसायी सरफिऊद्दीन आजाद पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की तैयारी कर रहे थे। अब यह देखना होगा कि शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले को किस रूप में लेती है और आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए क्या कदम उठाती है।

परिवार की तत्परता से पाया गया आग पर काबू

परिवार के लोगों की तत्परता और समय रहते किए गए प्रयासों से आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि, तब तक आग की लपटें पिकअप की ड्राइवर सीट तक पहुंच चुकी थीं। यदि आग का पता कुछ देर बाद चलता या उसे बुझाने में देरी होती, तो आग पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले सकती थी। इससे पिकअप के पूरी तरह जलने की आशंका थी। समय रहते आग बुझा दिए जाने से एक बड़ा नुकसान टल गया, लेकिन घटना ने रात के समय खड़े वाहन की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

रस्ते से गुजरते राहगीर ने देखी गाड़ी में लगी आग

रात करीब साढ़े 10 बजे तक सब कुछ सामान्य था। इसी दौरान रास्ते से गुजर रहे एक व्यक्ति की नजर खड़ी पिकअप में लगी आग पर पड़ी। उसने तत्काल वाहन मालिक और कबाड़ व्यवसायी सरफिऊद्दीन आजाद को जगाकर घटना की जानकारी दी। आग लगने की खबर मिलते ही आजाद और उनके परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। उस समय आग वाहन में रखे कार्टून और अन्य कबाड़ के सामान को अपनी चपेट में ले रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए परिवार के लोगों ने आनन-फानन में वाहन से कार्टून और अन्य सामान बाहर निकालना शुरू किया तथा आग बुझाने का प्रयास किया।

बनगांव में कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ, तीन दशकों से कायम परंपरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कोतबा क्षेत्र के बनगांव में तीन दशकों से निरंतर आयोजित हो रही पारंपरिक कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत जशपुर के अध्यक्ष सालिक साय के मुख्य आतिथ्य में हुआ। पिछले 30 वर्षों से चली आ रही यह खेल परंपरा ग्रामीण अंचल में खेलों के प्रति उत्साह, युवाओं की सक्रिय भागीदारी और स्थानीय खेल संस्कृति की मजबूती का प्रतीक है। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि सालिक साय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

> ■ कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल ग्रामीण जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा : सालिक

ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं- सालिक

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। जरूरत है तो उन्हें उचित अवसर, प्रोत्साहन और अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराने की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश के समग्र विकास के साथ खेलों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल ग्रामीण जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ऐसे आयोजनों से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, शारीरिक क्षमता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

नगर में 26 को मनाया जाएगा करम परब, तैयारियां पूरी



जशपुरनगर। उरांव आदिवासी समाज की पारंपरिक संस्कृति और रीति-रिवाजों से जुड़े करम परब के आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सोमवार 26 अक्टूबर को जशपुर नगर के दीपु बगीचा स्थित राजी पड़हा मुख्यालय में यह पर्व मनाया जाएगा।

उरांव आदिवासी युवा संगठन ने समाज के लोगों को करम परब की शुभकामनाएं देते हुए आयोजन में शामिल होने का आह्वान किया है। समाज की रूढ़ि- परंपराओं, पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था और राजी पड़हा व्यवस्था 'धुमकुड़िया' के तहत आयोजित इस पर्व का उद्देश्य आदिवासी संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित एवं संवर्धित करना है। आयोजन में समाज के लोग एकजुट होकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पर्व की खुशियां मनाएंगे।

नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका

उरांव आदिवासी युवा संगठन की ओर से कहा गया कि ऐसे आयोजन समाज की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने और नई पीढ़ी को अपनी परंपराओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। करम परब के माध्यम से पूर्वजों की परंपराओं, सामाजिक एकता और पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था के महत्व का संदेश भी दिया जाएगा। समाज के लोगों से आयोजन में सहभागिता निभाने की अपील की गई है, ताकि सामूहिक रूप से अपनी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाया जा सके।

जशपुर में आकार ले रहा 3 हजार 147 करोड़ का सड़क कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना अब साकार रूप लेने लगा है। इस सड़क का निर्माण पूरा हो जाने से जशपुर से प्रदेश की राजधानी रायपुर का सफर महज 6 घंटे में सिमट जाएगा। इससे जिले का सड़क मार्ग से संपर्क रायपुर के साथ न्यायधानी बिलासपुर, उर्जाधानी कोरबा के साथ पड़ोसी राज्य झारखंड से भी बेहतर हो सकेगा।

> ■ फोरलेन सड़क से छह घंटे में पूरा होगा जिले से रायपुर का सफर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विशेष प्रयासों से केंद्र सरकार की यह महत्वकांक्षी परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। निर्माणाधीन कॉरिडोर की कुल लंबाई लगभग 707 किलोमीटर बताई गई है। इसमें लगभग 104 किलोमीटर सड़क जशपुर जिले से हो कर गुजरेगी। इसके निर्माण से रायपुर से धनबाद के बीच सड़क संपर्क बेहतर होगा। साथ ही पत्थलगांव, जशपुर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलने की ⏭ शेष पेज 2 पर



तीन साल में जिले ने छुई विकास की नई ऊंचाई

उल्लेखनिय है कि बुनियादी सुविधा के विकास में बीते लगभग तीन साल में जशपुर जिले ने विकास की नई ऊंचाईयों का छुआ है। भारतमाला परियोजना के साथ ही जिले में कटनी गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य भी द्रुतगति से शुरू हो चुका है। केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विशेष प्रयास से लोहरदग्गा से धरमजयगढ़ तक रेल लाईन निर्माण को स्वीकृति देते हुए,इसे केंद्रीय गजट में प्रकाशित कर दिया है। इस रेल लाईन की मांग जिलेवासी दशकों से कर रहे थे। इसके अतिरिक्त जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना,स्टेट हाईवे का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

राजधानी रायपुर पहुंचना होगा आसान

वर्तमान में जशपुर जिले से राजधानी रायपुर पहुंचने में यात्रियों को लंबा समय लग रहा है। इकोनॉमिक कॉरिडोर से संपर्क और मार्ग की परिस्थितियों के आधार पर यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है। उपलब्ध परियोजना संबंधी जानकारी में यात्रा अवधि को लगभग 14 घंटे से घटाकर 8 से 9 घंटे करने का लक्ष्य बताया गया है। वहीं, जशपुर से रायपुर की यात्रा महज 5 से 6 घंटे में पूरी होने की संभावना को लेकर भी उम्मीदें जताई जा रही हैं।

व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा

इस कॉरिडोर का लाभ केवल यात्रा तक सीमित नहीं रहेगा। बेहतर सड़क नेटवर्क से किसानों को अपनी उपज बाजार तक पहुंचाने, व्यापारियों को माल परिवहन और आम नागरिकों को स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य जरूरी सेवाओं के लिए बड़े शहरों तक पहुंचने में सुविधा मिल सकती है। पत्थलगांव और जशपुर क्षेत्र के लिए यह संपर्क औद्योगिक, व्यावसायिक और पर्यटन गतिविधियों के विस्तार में भी सहायक हो सकता है।

छोटाबनाई में पशु चिकित्सा शिविर में मवेशियों का स्वास्थ्य परीक्षण व उपचार

जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में पशुधन विकास विभाग जशपुर द्वारा पशुपालकों को बेहतर पशु चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्य में पशु सखियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनके सक्रिय सहयोग से कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण, पशु चिकित्सा एवं जागरूकता शिविरों का आयोजन कर विभागीय सेवाओं को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाया जा रहा है। इसी कार्य में विकासखंड जशपुर के ग्राम छोटाबनाई में आयोजित बहुउद्देशीय पशु चिकित्सा शिविर में पशु सखी बिमला बाई का विशेष योगदान रहा। शिविर में बकरियों को पीपीआर बीमारी से बचाव के लिए कुल 438 बकरियों का टीकाकरण किया गया। इसके अलावा 7 पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण, 95 पशुओं को कृमिनाशक दवा पान, 45 पशुओं के लिए निशुल्क औषधि वितरण तथा 4 पशुओं का उपचार किया गया। शिविर से क्षेत्र के पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सेवाओं का लाभ मिला। पशुपालकों को जागरूक करने में निभा रहीं महत्वपूर्ण भूमिका पशु सखी बिमला बाई ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर पशुपालकों को पशुओं की देखभाल, समय पर टीकाकरण और पशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रही हैं।

पीएम आवास योजना से साकार हुआ पक्के मकान का सपना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना जरूरतमंद परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है।

योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के पात्र हितग्राहियों को पक्का आवास उपलब्ध कराकर उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिल रहा है। जशपुर जिले के बगीचा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पंड्रापाठ निवासी पहारु राम वर्षों से कच्चे मकान में रहकर जीवनयापन कर रहे थे। ऐसे में बरसात में छत से पानी टपकना, सर्दियों में ठंड से बचाव की समस्या और गर्मियों में तेज तपन सहना उनके परिवार की मजबूरी थी। सीमित आर्थिक संसाधनों के कारण पक्का मकान बनाना उनके लिए एक सपना बनकर रह गया था।

आवास योजना ने बदला जीवन

वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना के अंतर्गत पहारु राम को आवास की स्वीकृति मिली। समय पर राशि और निर्माण सामग्री की उपलब्धता से उनका पक्का मकान तैयार हो गया। अब पहारु राम अपने परिवार के साथ सुरक्षित और पक्के घर में रह रहे हैं। इससे उनके परिवार को मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों से राहत मिली है और जीवन में सुरक्षा का भाव मजबूत हुआ है।

नया घर बना खुशियों और सम्मान का आधार

पहारु राम बताते हैं कि पक्का मकान बन जाने से उनके परिवार को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने कहा, अब मेरा परिवार मौसम की मार से सुरक्षित है। यह घर हमारे लिए सुरक्षा और सम्मान की नई पहचान है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

समाजसेवी अमर को सूर्यमंडल संगठन ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मानवता, सेवा और समर्पण की मिसाल कायम करते हुए जशपुर नगर के प्रतिष्ठित व्यवसाई और समाजसेवी अमर चौधरी को उनके अद्वितीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। 100 बार से अधिक स्वैच्छिक रक्तदान करने के उनके महाभियान को देखते हुए शहर की अग्रणी सामाजिक संस्था सूर्यमंडल संगठन की ओर से एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया गया।



एक व्यक्ति, 100 बार रक्तदान, अनगिनत जिंदगियां

प्राप्त जानकारी के अनुसार अमर चौधरी पिछले कई वर्षों से लगातार रक्तदान के क्षेत्र में सक्रिय हैं। बिना किसी स्वार्थ के, जरूरतमंद मरीजों, थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों, गर्भवती महिलाओं और सड़क हादसों में घायल लोगों के लिए वे हमेशा सबसे आगे खड़े रहे हैं। 100 बार से अधिक रक्तदान करना अपने आप में एक रिकॉर्ड है, क्योंकि एक स्वस्थ व्यक्ति एक साल में अधिकतम 4 बार ही रक्तदान कर सकता है। इसका मतलब है कि उन्होंने लगभग 25 वर्षों तक इस सेवा को निरंतर निभाया है। इस अवसर पर सूर्यमंडल संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि, आज के दौर में जब लोग अपने व्यस्त जीवन में समाज के लिए समय नहीं निकाल पाते, ऐसे में अमर चौधरी का यह कार्य युवाओं के लिए एक दीपक की तरह है। उनके इस कार्य ने जशपुर के सैकड़ों युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया है और रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर किया है।

अमर चौधरी ने लिया संकल्प

सम्मान मिलने पर भावुक होते हुए अमर चौधरी ने कहा, यह सम्मान मेरे लिए नहीं, बल्कि हर उस रक्तदाता के लिए है जो निस्वार्थ भाव से किसी अनजान की जान बचाता है। रक्तदान महादान है, इससे बड़ा कोई दान नहीं। मैं जब तक स्वस्थ रहूंगा, इस नेक कार्य को जारी रखूंगा और लोगों को इसके लिए जागरूक करता रहूंगा।उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे साल में कम से कम 2 बार जरूर रक्तदान करें। समारोह में नगर के कई नागरिक, व्यापारी, समाजसेवी और सूर्यमंडल संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

सुरजीत को 2 स्वर्ण, सुमित को स्वर्ण व रजत पदक, बढ़ाया जिले का मान

सेंट जेवियर्स के स्केटर्स ने जीते 8 पदक, 3 राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल शांति भवन जशपुर के स्केटर्स ने 26वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2026-27 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 पदक अपने नाम किए।

रायपुर में 15 से 18 अक्टूबर तक आयोजित प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग की टीम से शामिल विद्यालय के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस उपलब्धि के साथ ही विद्यालय के तीन खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है।





तीन खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का मौका

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर सुरजीत केरकेट्टा, सुमित कुजूर और दर्शिल एक्का का चयन आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

प्राचार्य ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य अजय केरकेट्टा, समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर की। विद्यालय में खिलाड़ियों को बधाई देते हुए सम्मानित किया गया। प्राचार्य अजय केरकेट्टा ने कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता, आत्मविश्वास और निरंतर कठिन परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर मेहनत करने और खेल सहित हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

सुरजीत ने जीते दो स्वर्ण पदक

अंडर-19 बालक वर्ग में कक्षा 12वीं के सुरजीत केरकेट्टा ने 1000 मीटर रिंग रेस और 3000 मीटर रोड रेस में स्वर्ण पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। इसी वर्ग में कक्षा 10वीं के सुमित कुजूर ने 500 मीटर रिंग रेस में स्वर्ण और 1000 मीटर रेस में रजत पदक जीता। अंडर-17 बालक वर्ग में कक्षा 10वीं के दर्शिल एक्का ने 1000 मीटर रिंग रेस में रजत और 500 मीटर रेस में कांस्य पदक अपने नाम किया। वहीं, इसी वर्ग में आरव कुजूर ने 500 मीटर रिंग रेस में रजत पदक और गज्जूस केरकेट्टा ने 1000 मीटर रेस में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय की पदक तालिका में योगदान दिया।

हाथी के हमले में घायल ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

अंबिकापुर। जिले के उदयपुर ब्लॉक में इन दिनों हाथियों का दल विचरण कर रहा है। हाथी अलग अलग दलों में विचरण करने के साथ ही फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है। हाथियों का दल अक्सर मुख्य मार्ग पर नजर आता है जबकि कुछ हाथी दल से अलग होकर भी घूम रहे है जो खतरनाक साबित हो रहे है। ऐसे ही एक मामले में हाथी के हमले में घायल ग्रामीण की मौत हो गई। ग्राम महेशपुर निवासी 60 वर्षीय मोहन कुजूर आ. विश्वनाथ कुजूर 6 अक्टूबर की सुबह 7 बजे शौच के लिए घर से निकला था।

खबर संक्षेप



लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में हुआ विशाल रावण दहन

सीतापुर। विजयादशमी के अवसर पर लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में 50 फीट ऊंचा रावण का पुतला दहन किया गया। रावण दहन से पहले राम लक्ष्मण एवं सीता की झांकी शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम पहुंची। स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार टोप्पो की उपस्थिति में भव्य आतशबाजी के साथ रावण दहन किया गया। इस अवसर पर आदर्शनगर दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता समेत हजारों की संख्या में दर्शक मौजूद थे।

रावण दहन से पहले ही लगा दी आग, पुलिस ने संभाली स्थिति



रामानुजनगर। परशुरामपुर में दुर्गा समिति द्वारा नवनिर्मित रावण में अज्ञात व्यक्ति द्वारा दहन से पहले ही आग लगा दी गई, जिससे गांव में विवाद की स्थिति निर्मित हो गई थी। पुलिस ने एक संदेही व्यक्ति को पकड़कर थाने लाकर पूछताछ की। संदेही ने नया रावण बनाकर समिति को देने और बुधवार को रावण दहन करने की अर्जी दी, जिस पर समिति के लोगों ने माफी स्वीकार करते हुए राजी हो गए। आज एक दिन बाद रावण का दहन किया गया, जिससे गांव में पुनः खुशी बरकरार हो गई।

भव्य कलश यात्रा से हुआ भागवत कथा का शुभारंभ



अम्बिकापुर। ओंकारेश्वर शिव मंदिर राजेंद्र नगर में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ बुधवार को भव्य कलश यात्रा से हुआ. जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कलश यात्रा उपरांत भागवत परिक्रमा कथा एवं नारी चरित्र का महत्व बताया गया, साथ ही झांकियां का भी दिग्दर्शन कराया गया। शिव मंदिर सेवा समिति द्वारा आयोजित सात दिवसीय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस श्रद्धालुओं की कलश यात्रा सुबह 9 बजे गांधीनगर हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर मुक्तिपारा शिव मंदिर होते आयोजन स्थल पर समाप्त हुई। व्यास पीठ से कथावाचक ललित नरेंद्र महाराज ने भागवत परिक्रमा महात्मा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे सौ जन्मों के पापों से छुटकारा मिल जाता है। उन्होंने समाज एवं विचारों में नारी का समुचित आदर करने तथा सम्मान देने का संदेश दिया। ललित नरेंद्र महाराज ने तेरे चरण कमल में श्याम लिपट जाऊं रज बन के भजन की प्रस्तुति दी जिससे श्रद्धालु झूम उठे। उन्होंने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वही देवी देवता निवास करते हैं। इस दौरान नन्हे बालक ध्रुव की झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के आयोजन में समिति के एमके नामदेव, कृष्ण मुरारी श्रीवास्तव, लक्ष्मी प्रसाद मिश्रा, रमेश केडिया आदि शामिल रहे।

पृष्ठ 1 का शेष

जशपुर में आकार...

संभावना है। बेहतर सड़क संपर्क से व्यापार, कृषि उत्पादों के परिवहन, पर्यटन और स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिल सकता है। आधुनिक सुविधाओं से होगा सड़क नेटवर्क मजबूत- परियोजना के तहत यातायात को अधिक व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए विभिन्न स्थानों पर अंडरपास, वाहन अंडरपास तथा वन्यजीवों की आवाजाही के अनुकूल संरचनाओं जैसी सुविधाओं का प्रावधान किया जा रहा है। इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य सड़क यातायात को सुचारु बनाने के साथ स्थानीय आवागमन और वन्यजीवों की सुरक्षा संबंधी आवश्यकताओं का ध्यान रखना है।

जशपुर के विकास को मिलेगी नई गति- बेहतर सड़क संपर्क किसी भी क्षेत्र के विकास की महत्वपूर्ण आधारशिला होता है। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत रायपुर-धनबाद इकोनॉमिक कॉरिडोर जशपुर जिले को व्यापक सड़क नेटवर्क से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। परियोजना के संबंधित हिस्सों के निर्माण और संचालन के साथ जिलेवासियों को आवागमन में सुविधा मिलने, व्यापारिक गतिविधियों के विस्तार और रोजगार के नए अवसर विकसित होने की उम्मीद है।

कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने किया रावण दहन

लखनपुर में परंपरा के अनुसार एक दिन बाद मना दशहरा



धू-धूकर जलता रावण का पुतला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक विजयादशमी का पर्व लखनपुर में अपनी विशिष्ट परंपरा के अनुसार एक दिन बाद हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सरगुजा रियासत और यहां के ऐतिहासिक गढ़ से जुड़ी दशहरे की यह परंपरा आज भी क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान बनी हुई है। बुधवार को साक्षरता मिनी स्टेडियम में आयोजित भव्य दशहरा समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने रावण दहन किया। इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी और विशेष रूप से तैयार की गई और 3डी आतिशबाजी ने लोगों का मन मोह लिया। रावण दहन देखने के लिए बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मिनी स्टेडियम पहुंचे।

खास बातें

- 1974 में छोटे स्तर पर शुरू हुआ था रावण दहन, 1990 से दशहरा सेवा समिति करा रही भव्य आयोजन
- 3डी आतिशबाजी बनी आकर्षण का केंद्र

साक्षरता मिनी स्टेडियम में आयोजित दशहरा समारोह में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल ने रावण दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। रावण का पुतला धू-धूकर जलते ही पूरा मैदान जयकारों और तालियों से गूंज उठा। रंग-बिरंगी आतिशबाजी और 3 डी आतिशबाजी के विशेष प्रदर्शन ने आयोजन को और आकर्षक बना दिया। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में विधायक प्रबोध मिंज सहित नरेंद्र पांडे, सुरेश साहू, कृपा शंकर गुप्ता, राकेश अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, दिनेश साहू और राकेश साहू समेत अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। गौरतलब है कि लखनपुर में साक्षरता मिनी स्टेडियम में रावण दहन की शुरुआत लगभग वर्ष 1974 में छोटे स्तर पर हुई थी। धीरे-धीरे यह आयोजन क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल हो गया। वर्ष 1990 से दशहरा सेवा समिति के माध्यम से रावण दहन कार्यक्रम को व्यवस्थित और भव्य स्वरूप दिया जाने लगा। समिति के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजन की परंपरा आगे बढ़ती रही। समय के साथ आयोजन में आधुनिक तकनीक और आकर्षक आतिशबाजी का समावेश हुआ। इस वर्ष 3 डी आतिशबाजी विशेष आकर्षण रही। दशकों से चली आ रही यह परंपरा आज भी लोगों को एक साथ लाने और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का माध्यम बनी हुई है।

राजपरिवार और ऐतिहासिक गढ़ से जुड़ी है एक दिन बाद दशहरा मनाने की परंपरा

अंबिकापुर से लगभग 20 से 25 किलोमीटर दूर स्थित लखनपुर का इतिहास सरगुजा रियासत और यहां के राजपरिवार से जुड़ा रहा है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार पूर्व में सरगुजा महाराजा की उपस्थिति में अंबिकापुर में दशहरे का भव्य आयोजन होता था। लखनपुर सहित रियासत के विभिन्न क्षेत्रों के राजपरिवारों के सदस्य इस अवसर पर महाराजा से मुलाकात करने और उत्सव में शामिल होने पहुंचते थे। इसी ऐतिहासिक परंपरा को लखनपुर में एक दिन बाद दशहरा मनाए जाने की वजहों में से एक माना जाता है। एक अन्य स्थानीय मान्यता तत्कालीन शासक लाल बहादुर माहेश्वरी सिंहदेव के निधन से जुड़ी बताई जाती है। कहा जाता है कि दशहरे के दिन उनके निधन के बाद राजपरिवार में शोक के चलते अगले दिन पर्व मनाने की परंपरा प्रचलित हुई। हालांकि इन मान्यताओं की ऐतिहासिक पुष्टि के लिए पुराने राजकीय अभिलेखों का अध्ययन आवश्यक है।

गढ़ के सामने लगता था दशहरा मेला

लखनपुर का पुराना गढ़ यहां के गौरवशाली अतीत की याद दिलाता है। स्थानीय लोगों के अनुसार पहले गढ़ के सामने दशहरे का मेला लगता था, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल होते थे। राजपरिवार के सदस्य लोगों से मुलाकात करते और उत्सव में सहभागिता निभाते थे। समय के साथ मेले का स्वरूप बदला और पुरानी रौनक में कमी आई, लेकिन इस परंपरा से जुड़ा सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व आज भी कायम है।

परंपरा, आस्था और आधुनिकता का संगम बना लखनपुर का दशहरा

लखनपुर का दशहरा केवल रावण दहन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह क्षेत्र के इतिहास, राजपरिवार की विरासत और पीढ़ियों से चली आ रही सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है। वर्ष 1974 में छोटे स्तर पर शुरू हुआ रावण दहन आज भव्य आयोजन का रूप ले चुका है। आधुनिक तकनीक और 3डी आतिशबाजी ने इसमें नया आकर्षण जोड़ा है, वहीं एक दिन बाद दशहरा मनाने की परंपरा लखनपुर को अलग पहचान देती है। बदलते समय के बीच लखनपुर वासियों ने अपनी इस विशिष्ट परंपरा को जीवंत रखा है। यही वजह है कि हर वर्ष दशहरा सामाजिक एकजुटता, धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक गौरव का अवसर बनकर सामने आता है।



श्री राम-रावण महायुद्ध और शानदार आतिशबाजी ने बांधा समां

प्रतापपुर में धूमधाम से हुआ विशाल रावण दहन, उमड़ी लोगों की भीड़

प्रतापपुर। नगर के स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में मां दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड के तत्वावधान में दशहरा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान 55 फीट ऊंचे रावण तथा 50-50 फीट ऊंचे मेघनाथ और कुंभकरण के विशाल पुतलों का दहन किया गया। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक इस आयोजन को देखने के लिए प्रतापपुर नगर सहित विकासखंड के गांव-गांव से बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे और युवा पहुंचे।

दशहरा महोत्सव में आकर्षक आतिशबाजी, रंग-बिरंगी रोशनियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उत्सव की रौनक बढ़ा दिया। आसमान में बिखरती रंगीन रोशनियों और आकर्षक आतिशबाजी के नजारे ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। दशहरा महोत्सव का सबसे आकर्षक भगवान श्रीराम और रावण के बीच महायुद्ध रहा। रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के विशाल पुतलों के दहन के दौरान आतिशबाजी का शानदार नजारा देखने को मिला। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग परिवार के साथ कार्यक्रम देखने पहुंचे। प्रतापपुर का दशहरा महोत्सव पूरे उत्साह, उमंग और भक्तिमय वातावरण के बीच संपन्न हुआ। आयोजन ने एक बार फिर बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देते हुए नगरवासियों के मन में धर्म, सत्य और मर्यादा के प्रति आस्था को और मजबूत किया। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, अनमोल शर्मा, संरक्षक कमलेश गुप्ता, अरविंद जायसवाल, मुकेश अग्रवाल,नवीन सोनू जायसवाल, मुकेश तायल,सूरज रजक, शुभम कश्यप, संजय जायसवाल, अंकित जायसवाल, आयुष अग्रवाल, सूर्या अग्रवाल, एवं सुमित गुप्ता, सोनू कश्यप, मनीष तायल, गोलू अग्रवाल,सूर्या अग्रवाल, सहित समिति के सदस्य सक्रिय रहे।

कोयलांचल समेत नगरीय क्षेत्र में आतिशबाजी की गूंज के साथ हुआ रावण दहन

बिश्रामपुर। असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पर्व मंगलवार को कोयलांचल सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। शारदीय नवरात्र के समापन के बाद मंगलवार की रात विभिन्न आयोजन स्थलों पर दशहरे की रौनक देखने को मिली। भव्य आतिशबाजी के बीच विशालकाय रावण के पुतलों का दहन किया गया और लोगों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की विजय का उत्सव मनाया। नगर के गौरीशंकर मंदिर प्रांगण में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। वहीं सिलफिली हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में पिलखा सेवा समिति के नेतृत्व में आयोजित विजयादशमी महोत्सव में मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े के मुख्य आतिथ्य में रावण दहन का आयोजन किया गया। दोनों स्थानों पर आतिशबाजी के बीच रावण दहन के साथ विजयादशमी के उल्लास ने माहौल को उत्सवी बना दिया। इसके अलावा क्षेत्र की आस्था के प्रमुख केंद्र आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर प्रांगण केनापारा, राजापुर, डेडरी और पार्वतीपुर में भी भव्य आतिशबाजी के साथ विशालकाय रावण के पुतलों का दहन किया गया। अलग-अलग स्थानों पर आयोजित इन कार्यक्रमों के जरिए लोगों ने बुराई पर अच्छाई की जीत के पौराणिक प्रसंग को याद किया। शारदीय नवरात्र के दौरान देवी आराधना में लीन रहे क्षेत्रवासियों ने विजयादशमी के साथ ही शारदीय पर्व का समापन उत्साहपूर्वक किया। ज्ञात हो कि विजयादशमी केवल रावण के पुतले को जलाने का पर्व नहीं, बल्कि अहंकार, अन्याय और नकारात्मक प्रवृत्तियों को त्यागने की प्रेरणा देने वाला उत्सव भी है। पर्व ने लोगों को सत्य के मार्ग पर चलने और सदाचार अपनाने का संदेश दिया। पार्वतीपुर में विजयादशमी महोत्सव को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष चंद्रदेव तिर्की,उपाध्यक्ष मुन्ना भगत,संतकुमार एक्का,बलवीर राजवाड़े व अन्य सक्रिय रहे।

- गौरीशंकर मंदिर ग्राउंड में क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय सिंह और सिलफिली में मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े रहे मुख्य अतिथि



हाई स्कूल ग्राउंड में किया गया रावण दहन





बलरामपुर। हाई स्कूल ग्राउंड में दशहरे के अवसर पर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के मुख्य अतिथि तथा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के विशिष्ट स्थिति में विशाल रावण दहन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर द्वारा संबोधित किया गया एवं बुराई पर अच्छाई के जीत के विषय में अपने विचार व्यक्त किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है लेकिन हार नहीं सकता हमेशा सत्य की ही विजय होती है। दशहरे के अवसर पर रावण दहन का जो कार्यक्रम रखा गया है असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज हम रावण को मार करके बुराई पर अच्छाई की जीत मना रहे हैं लेकिन सिर्फ रावण को मार देने से बुराई खत्म नहीं हो जाती हमें अपने अंदर छिपे हुए बुराइयों को भी रावण के साथ आज समाप्त करना होगा। पुलिस लाइन कॉलोनी के छोटे-छोटे बच्चों की राम दरबार की टोली पहुंची। टोली में छोटे-छोटे बच्चे राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान बने हुए थे। बच्चों की राम दरबार की टोली रावण दहन ग्राउंड में पहुंची टोली के पहुंचते ही पूरा ग्राउंड जय श्री राम के नारे से गूंज उठा। राम दरबार की टोली द्वारा रावण को आग लगाकर के रावण दहन किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी, मुकेश गुप्ता, जितेंद्र श्रीवास्तव, अजय यादव, राजेश गुप्ता, प्रवीण गुप्ता, बंसीधर गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता, योगेश गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, अजय गुप्ता, गौतम सिंह, राकेश सिंह, मनीष सिंह, भानु प्रकाश दीक्षित, रविंद्र गुप्ता सहित पूजा पूजा समिति और छठ पूजा समिति के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नवरात्रि व दशहरा पर तुलसी साहित्य समिति का सरस कवि-सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



शारदीय नवरात्रि व दशहरा के उपलक्ष्य में तुलसी साहित्य समिति द्वारा रामनारायण शर्मा की अध्यक्षता में सरस-कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। शुभारंभ मां वागीशा व मां भगवती के पूजन-अर्चन तथा महाकवि तुलसी, एसपी जायसवाल व बीडी लाल द्वारा विरचित विभिन्न रामायणों के आंशिक पाठ से हुआ। पं.रामनारायण शर्मा ने नवरात्रि के साथ विजयादशमी पर्व के विषय में भी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि असत्य पर सत्य व बुराइयों पर अच्छाइयों के विजय का प्रतीक है दशहरा पर्व। मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम का अवतार दुष्टों के विनाश, संतों की रक्षा और धर्म की संस्थापना के लिए हुआ था। राम ने अंहकारी व आततायी लंकापति रावण का उसकी सेना सहित संहार किया।

आज वही निशाचरी संस्कृति आतंकवाद के रूप में पूरी दुनिया को संत्रस्त कर रही है। हिंसा, हत्या, अन्याय, अधर्म, अत्याचार, लूटमार, बदले की भावना, धार्मिक अतिवाद, अराजकता आम हो चली है। पं.सचिदानंद पांडेय ने श्रीराम को स्त्रियों के मान-सम्मान का रक्षक-समर्थक बताते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा स्त्रियों के साथ मर्यादित व्यवहार करने के उपदेश ही नहीं दिए बल्कि उसे अपने जीवन में भी अपनाया। कार्यक्रम को पेंशनर्स समाज के जिलाध्यक्ष हरिशंकर सिंह, राजभाषा आयोग के समन्वयक राजेश तिवारी व कविवर एसपी जायसवाल ने भी संबोधित किया और सभी को नवरात्रि व दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं। कवि-सम्मेलन में मुकुंदलाल साहू ने अपने दोहे में मन के रावण का विनाश करने का आह्वान किया सभी मनाते दशहरा, है यह पावन रीत। मन का रावण मारिए, तो मानूंगा मीत। कवयित्री आशा पांडेय ने अपने दोहे में माता-पिता का मान रखने की प्रतिबद्धता जताई- शैलराज की लाड़ली, ऐसा देना ज्ञान। मात-पिता का रख सकूं, दुनिया में मैं मान। डॉ.पूनम दुबे वीणा ने अंबे की अनुकंपा पाने की सहज उपाय सुझाए उतारो सभी आरती, माता की खिले मुस्कान। ओढ़ाओ मां को चुनरी, पूरे करेगी अरमान। डॉ. माधुरी जायसवाल ने मां पार्वती से दर्शन देने का अनुरोध किया- खोल केवाड़ी दाई दर्शन दे-दे दाई, मैं जाहूं गोड़ ला धोए बर दाई मोर, ऐ महामाया दाई, मैं जाहूं गोड़ ला धोए बर। वरिष्ठ कवि बीडी लाल ने मां महामाया को अपने गीतों का हार समर्पित किया- यह गीत तुम्हारी पूजा का हार बने तो हरषाऊं, नैनों में तेरे सपनों के, मनुहार बने तो मुस्काऊं। जय गुप्त ने भवानी से विनय-निवदेन किया- चली आओ मैया तुम, हमारे मन के आंगन में, उतर आओ दिलों में भी, भावों के चिंतन में। गीतकवि कृष्णकांत पाठक ने मां गिरिजा को अंतर्यामी बताया। कवयित्री आशा मिश्रा ने नवरात्र में जगन्माता के सभी स्वरूपों का वर्णन कर उनकी पूजाविधि को अपनी कविताओं में पिरोया। कवि रामलाल विश्वकर्मा ने मातृशक्ति की आराधना करते हुए कहा कि- गोद से उसकी निकलती विश्व की सब शक्तियां, वह प्रेम की प्रतिमूर्ति और दया की खान होती है, क्योंकि वह मां होती है। प्रताप पांडेय ने भी हर परिस्थिति में भी मां के सही होने का विश्वास जताया। इनके अलावा कवि-सम्मेलन में आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर की कविता- कंटक की कली हूं, मात-पिता का पता नहीं, एसपी जायसवाल की- जरा ध्यान रखना, ना दिल दुखाना किसी का, अम्बरीष कश्यप की- देखकर लहरों के मिजाजों को, रोकना पड़ता है जहाजों को, चंद्रभूषण मिश्र की- देखकर वो अपनी नजरें झुका लेते हैं, श्यामबिहारी पांडेय की रचना- जो कौम यहां सो जाती है, इतिहास दफन कर देता है, अजय सागर की- जैसे रंग लाती है मेहंदी खुद के पिस जाने के बाद, टांगेगी तस्वीर में माला, मेरे चल देने के बाद व विनोद तिवारी की हास्यपरक कविता को श्रोताओं ने सराहा और उनका भरपूर आनंद भी उठाया। धन्यवाद-ज्ञापन पेंशनर्स समाज के जिलाध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने किया। इस दौरान लीला देवी, केके त्रिपाठी, विजयप्रसाद गुप्ता, प्रदीप सोनी, मनीलाल गुप्ता, आरके सिंह, नीलिमा जायसवाल, ईश्वर, प्रमोद सहित काव्यप्रेमी मौजूद रहे।

विजयादशमी पर पुलिस अधीक्षक ने किया विधि-विधान से शस्त्र पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय के प्रतीक पर्व विजयादशमी के अवसर पर पुलिस ने अपनी गौरवशाली परंपरा का निर्वहन करते हुए अस्त्र-शस्त्र एवं शासकीय वाहनों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंगलवार को रक्षित केंद्र में आयोजित शस्त्र पूजन कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल सहित पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं जवानों ने सहभागिता की।

प्राचीन परंपरा के अनुसार विजयादशमी के अवसर पर देवी अपराजिता एवं मां रणचंडी की आराधना के साथ अस्त्र-शस्त्रों का पूजन किया जाता है। इसी परंपरा के अनुरूप शस्त्रों एवं वाहनों की पूजा-अर्चना कर कर्तव्य, साहस, पराक्रम और जनसेवा के प्रति समर्पण के संकल्प दोहराया। रक्षित केंद्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने पुलिस अधिकारियों एवं जवानों के साथ अस्त्र-शस्त्र तथा शासकीय वाहनों की विधिवत पूजा-अर्चना की। पूजा संपन्न होने के पश्चात विजयादशमी के अवसर पर हर्ष फायर भी किए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री पटेल ने जिले के समस्त पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों एवं जिले वासियों को विजयादशमी की बधाई देने के साथ सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की मंगलकामना की। विजयादशमी के अवसर पर जिले के सभी थाना एवं चौकी परिसरों में भी परंपरागत रूप से अस्त्र-शस्त्रों एवं शासकीय वाहनों की पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश देवांगन, सीएसपी बेनार्ड कुजूर, एसडीओपी अनूप एक्का, रक्षित निरीक्षक अशोक गिरी, थाना-चौकी प्रभारी, शस्त्रागार प्रभारी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

विजयादशमी पर एसपी ने पुलिस लाईन में किया शस्त्र पूजन

बलरामपुर। मंगलवार को विजयादशमी महापर्व के अवसर पर पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर ने पूर्व परम्परा के अनुसार पुलिस लाईन बलरामपुर में विधि विधान से शस्त्र पूजन करते हुये मां दुर्गा की आरती की गई। शस्त्र पूजन के उपरान्त एसपी एवं एएसपी ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार विजयादशमी के अवसर पर बलरामपुर रामानुजगंज जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारियों के द्वारा भी थाना चौकी परिसर में शस्त्र हथियारों पर पुष्प और तिलक लगाकर मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से शस्त्र पूजा की गई।इस दौरान एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, डीएसपी मो. याकूब मेनन, प्रमोद किस्पोट्टा, रक्षित निरीक्षक विमलेश कुमार देवांगन एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय व रक्षित केंद्र बलरामपुर के पुलिस बल उपस्थित रहे।





तांडव कर यश ने दिखाई लंकेश की पहली झलक

मुंबई। नितेश तिवारी की 'रामायण' में अभिनेता यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म निर्माताओं ने उनके किरदार की नई झलक फैंस को दिखाई है। इस वीडियो को हिंदी में 'राइज ऑफ असुर' शीर्षक दिया गया है। इसमें यश बिल्कुल ही अलग अंदाज में दिख रहे हैं। इस गाने का संगीत ए आर रहमान ने दिया है, डॉ. कुमार विश्वास ने गीत लिखे हैं और विशाल ददलानी ने हिंदी संस्करण को अपनी आवाज दी है। इस वीडियो की शुरुआत रावण द्वारा अपनी हथेली को कटार से काटने और फिर माथे पर त्रिपुंड तिलक लगाने से होती है, क्योंकि वह अनुष्ठान के लिए तैयार हो रहा होता है।

लाइफ Style

नयनतारा

मूकुथी अम्मन 2 में देवी के रूप में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

नयनतारा 'मूकुथी अम्मन 2' में एक बार फिर देवी के रूप में नजर आएंगी। इस फिल्म में वह पौराणिक खलनायकों से मुकाबला करते दिखाई देंगी। सुंदर सी द्वारा निर्देशित यह सीक्वल 6 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

21 अक्टूबर को मेकर्स ने 'मूकुथी अम्मन 2' का ट्रेलर शेयर कर दिया है, जिसमें नयनतारा एक पुलिस अधिकारी और एक देवी के दोहरे किरदार में नजर आ रही हैं। इस फिल्म में वह 2020 की फिल्म वाले देवी के अपने किरदार को दोहरा रही हैं। साथ ही एक ऐसी पुलिस अधिकारी का रोल भी निभा रही हैं, जिसे मासूम लोगों को नुकसान पहुंचाने वाले पौराणिक खलनायकों का सामना करना पड़ता है। ट्रेलर में रेजिना कैसेंड्रा और दुनिया विजय पौराणिक खलनायकों के रूप में नजर आते हैं, जो पृथ्वी को नष्ट करने और अपनी ताकत बढ़ाने के लिए धरती पर आते हैं। जैसे-जैसे खतरा बढ़ता है, बच्चों और अन्य मासूम लोगों की जान खतरे में पड़ जाती है। नयनतारा का पुलिस अधिकारी वाला किरदार एक ऐसी डरपोक महिला का है, जो बहुत ही साधारण चीजों से भी घबरा जाती है। यहां तक कि अकेले सोने से भी। हालांकि, जब 'मूकुथी अम्मन' का आह्वान किया जाता है तो वह राक्षसों से मुकाबला करती हैं। ट्रेलर में नयनतारा के इन दोनों रूपों एक डरी हुई पुलिस अधिकारी और एक देवी को बखूबी दिखाया गया है। इसके विजुअल्स में सुंदर सी. की फिल्मों से जुड़ी भव्यता और बड़े पैमाने की झलक भी देखने को मिलती है। सुंदर सी. द्वारा निर्देशित यह सीक्वल 6 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाला है।



हॉलीवुड मसाला



गोल्डन ग्लोब्स के नियमों से

हारा माइकल

लॉस एंजिल्स। फिल्म 'माइकल' को दर्शकों ने खूब पसंद किया। फैंस की नजरें फिल्म की सफलता का बाद गोल्डन ग्लोब्स पर टिकी थीं। मगर इस बार उन्हें निराशा का समना करना पड़ सकता है। पॉप म्यूजिक के महारथी दिवंगत माइकल जैक्शन की फिल्म का म्यूजिक इस अवॉर्ड का हिस्सा नहीं होगा। गोल्डन ग्लोब्स पुरस्कार समिति ने लायंसगेट की ब्लॉकबस्टर माइकल जैक्सन बायोपिक को 2027 के समारोह में संगीत या कॉमेडी श्रेणी में शामिल करने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है।



प्रियंका और निक ने बेटी के साथ किया कन्या पूजन

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने बेटी मालती मैरी के साथ नवमी और दशहरे पर घर में कन्या पूजन किया। प्रियंका ने पूजा की तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें मालती देसी अंदाज में नजर आईं। विदेश में रहने के बावजूद प्रियंका अपनी बेटी को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ रही हैं। दोनों ने मालती के पैर धोकर पूजा की रस्म पूरी की। इस खास मौके पर परिवार के बीच भारतीय संस्कृति और धार्मिक परंपराओं के प्रति जुड़ाव देखने को मिला। प्रियंका ने इस खास पल की कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर कीं, जिनमें वह निक और मालती के साथ पूजा करती नजर आईं। तस्वीरें साझा करते हुए प्रियंका ने लिखा, 'मां दुर्गा की शक्ति, हमारी प्रार्थनाओं की पवित्रता और दशहरे की भावना आज, कल और हमेशा हमारे साथ बनी रहे।'



आर्थिक तंगी की फर्जी खबरों पर फूटा गुस्सा

नई दिल्ली। कुछ समय पहले इस तरह की खबर आई थी कि अभिनेत्री अनीता कंवल आर्थिक तंगी से जूझ रही हैं और उन्होंने पैसों की मदद मांगी है। अब एक्ट्रेस ने इन खबरों का खंडन करते हुए इन्हें अफवाह बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि छह महीने पहले दिए गए एक इंटरव्यू में उनकी बातों को गलत तरीके से पेश किया गया था। अभिनेत्री ने कहा कि इन खबरों की वजह से उन्हें काफी परेशानी हुई है और उनकी नींद तक उड़ गई है। अनीता ने एक वीडियो शेयर करके अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सुबह के 3.45 बज रहे हैं और वो सो नहीं पा रही हैं। वह इस बात से परेशान थीं कि कुछ न्यूज चैनलों ने उनकी आर्थिक स्थिति को किस तरह पेश किया है। बता दें कि अनीता कंवल ने कभी हां कभी ना में शाह रुख खान और गांगाजल में अजय देवगन जैसे एक्टर्स के साथ काम किया है।



पुलिस कंपनी में दिखेगी अंडरवर्ल्ड की कहानी

मुंबई। बॉलीवुड में अंडरवर्ल्ड और अपराध की दुनिया पर कई फिल्में बना चुके डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा एक बार फिर इसी विषय पर फिल्म लेकर आ रहे हैं। उनकी अपकमिंग क्राइम ड्रामा फिल्म 'पुलिस कंपनी' की रिलीज डेट सामने आ गई है। फिल्म में एक्टर हर्षवर्धन राणे के साथ फरदीन खान, फातिमा सना शेख और परेश रावल समेत कई कलाकार नजर आएंगे। फिल्म 'पुलिस कंपनी' में अभिनेता हर्षवर्धन राणे मुंबई के चर्चित एनकाउंटर स्पेशलिस्ट पुलिस अधिकारी दया नायक की भूमिका निभाएंगे। 'पुलिस कंपनी' की कहानी सच्ची घटनाओं और असल जिंदगी के किरदारों से प्रेरित है। प्रेस रिलीज के मुताबिक, फिल्म में उन परिस्थितियों को दिखाया जाएगा, जिनके चलते करीब 300 गैंगस्टर्स मारे गए थे।

टीवी मसाला



केबीसी में प्रतियोगी की कहानी सुनकर भावुक हुए बिग बी

नई दिल्ली। टीवी का फेमस क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का 18वां सीजन चल रहा है, जिसमें आए दिन प्रतियोगी अपनी दिलचस्प कहानियों, संघर्ष की दास्तां शो के होस्ट अमिताभ बच्चन के सामने सुनाते हुए नजर आते हैं। अब इसके हालिया एपिसोड में एक ऐसा ही किस्सा देखने को मिला। एक कंटेस्टेंट ने अपने जीवन के सबसे कठिन दौर और संघर्ष की ऐसी कहानी बिग बी के साथ शेयर की। उसे सुनने के बाद महानायक अमिताभ बच्चन भी भावुक हो गए। कंटेस्टेंट ने अपनी गंभीर बीमारी और अपने पिता द्वारा दिए गए जीवनदान के बारे में विस्तार से बताया। शो का एक प्रोमो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कंटेस्टेंट अपनी कहानी सुनाते हुए नजर आ रहा है। शख्स ने बताया, 'मुझे जिंदगी दो बार मिली है। एक बार मेरी मम्मी ने दी और एक बार पापा ने।' फिर कंटेस्टेंट ने आगे बताया कि उन्हें खाना हजम नहीं होता था। फिर डॉक्टर ने उन्हें बताया कि उनकी दोनों किडनी सिर्फ 3 प्रतिशत काम कर रही है। कंटेस्टेंट ने आगे बताया कि फिर उन्होंने तय किया कि अब किडनी ट्रांसप्लांट करवा लेना चाहिए। लाख बार मना करने के बावजूद भी उनके पिता ने कहा कि वह ही उन्हें किडनी देंगे। एक इन अचानक फिर से कंटेस्टेंट के पेट में दर्द हुआ और डॉक्टर ने बताया कि मुझे अटैक आया है। इसकी वजह से उनके बचने के चांस सिर्फ 20 प्रतिशत ही रह गए थे। इसकी वजह से जो किडनी उनके पिता ने दी थी वो भी डैमेज हो गई। कंटेस्टेंट ने लास्ट में कहा कि मेरे मम्मी पापा ने पूरी जिंदगी मेरे लिए बहुत त्याग दिए हैं। अब मैं उन्हें एक बेहतर जिंदगी देना चाहता हूं। कंटेस्टेंट की दास्तां सुनकर अमिताभ बच्चन काफी भावुक हो गए।

कपिल ने ऋषभ को बताया 'लड़कों का तमन्ना'

नई दिल्ली। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के अगले एपिसोड में फिल्म 'धुरंधर' से जुड़े संगीतकार सतिंदर सरताज, जैस्मिन सैंडलस, शाश्वत सचदेव और सितार वादक ऋषभ रिखीराम शर्मा नजर आएंगे। शो के नए प्रोमो में कॉमेडी के साथ म्यूजिक का जबरदस्त संगम देखने को मिल रहा है। शो के प्रोमो में



कपिल शर्मा सभी मेहमानों का स्वागत करते नजर आ रहे हैं। कपिल ऋषभ रिखीराम शर्मा को क्लासिकल म्यूजिक, सतिंदर सरताज को सूफी संगीत, जैस्मिन सैंडलस को पॉप म्यूजिक और शाश्वत सचदेव को हर तरह के संगीत में माहिर बताते नजर आ रहे हैं। इसके बाद कपिल शाश्वत सचदेव के नेशनल अवॉर्ड जीतने और फिल्म 'धुरंधर' की सफलता के बाद शो में आने पर भी मजाक करते हैं। वहीं, ऋषभ के लुक को देखकर कपिल उनकी तुलना अभिनेत्री तमन्ना भाटिया से कर देते हैं। वह ऋषभ को 'लड़कों का तमन्ना भाटिया' कहते हैं।

मातृभूमि का नया गाना जय हिन्द रिलीज जोशीले अंदाज में दिखे सलमान



मुंबई। सलमान खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच इस फिल्म का नया गाना 'जय हिंद' रिलीज हुआ है। समीर अंजान की कलम से निकले इस गाने को स्टेबिन बेन ने अपनी सुरीली आवाज दी है। हिमेश रेशमिया ने अपने म्यूजिक से इसे सजाया है। इंस्टाग्राम पर इस गाने को शेयर करते हुए सलमान खान ने लिखा 'अपनी मातृभूमि के प्रति प्रेम, सम्मान और देशभक्ति दिखाने के लिए 365 दिनों में से केवल 2 दिन काफी नहीं हैं। साल भर होना मंगता है दोस्त। ये रहा आपके लिए जय हिंद का लिरिकल कट। उम्मीद है आपको पसंद आएगा। अगर नहीं, तो हिमेश और स्टेबिन का इंस्टा या एक्स हैंडल तो होगा ही, है ना?' गाने में सलमान खान नजर आ रहे हैं। वह काफी जोशीले अंदाज में हैं। वह भारतीय जवान की वर्दी में हैं। गाने के विजुअल देशभक्ति का जोश जगाते हैं। गाने के बोल और संगीत भी दिल को छूने वाला है। सलमान खान अभिनीत इस फिल्म का निर्देशन अपूर्व लाखिया ने किया है। इसे सलमान खान फिल्म्स के बैनर तले सलमा खान ने प्रोड्यूस किया है। इसमें चित्रांगदा सिंह ने भी अहम भूमिका निभाई है। बता दें कि पहले इस फिल्म का नाम 'बैटल ऑफ गलवां' था, जिसे इस साल की शुरुआत में बदलकर 'मातृभूमि' कर दिया गया।

गोल्डन टेंपल में अरदास करते हुए रो पड़ीं सारा, लिया वाहेगुरु का आशीर्वाद

मुंबई। अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में अरदास करते समय सारा अली खान भावुक हो गईं और उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। इस दौरान उनके साथ आयुष्मान खुराना भी नजर आए। 'उड़ता तीर' की रिलीज से पहले सारा अली खान और आयुष्मान साथ में वाहेगुरु का आशीर्वाद लेने पहुंचे। 20 अक्टूबर को सारा अली खान और आयुष्मान खुराना अपनी आने वाली फिल्म 'उड़ता तीर' के प्रमोशन के लिए अमृतसर में थे। दोनों कलाकारों ने स्वर्ण मंदिर में श्री हरमंदिर साहिब के दर्शन भी किए। सारा और आयुष्मान ने वहां की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं। इस बीच, वाहेगुरु का आशीर्वाद लेते हुए दोनों का एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में सारा अली खान अरदास करते समय भावुक होकर रोती नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस का यह इमोशनल वीडियो वायरल हो हो रहा है, जिसमें वे स्वर्ण मंदिर में आशीर्वाद लेते समय भावुक होकर रोती हुई दिखाई दे रही हैं। एक्ट्रेस सारा ने आयुष्मान के साथ इस पवित्र स्थान की एक तस्वीर शेयर करके फैंस को अपनी यात्रा की झलक दिखाई। दोनों कलाकारों ने सफेद कपड़े पहने थे और सारा ने दुपट्टे से अपना सिर ढका हुआ था। वे हाथ जोड़कर प्रार्थना करते हुए खड़े थे। तस्वीरों में उनका शांत पल देखने को मिला, वहीं उनकी इस यात्रा का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया है। इस क्लिप में सारा अली खान भावुक नजर आ रही हैं। दरबार साहिब में प्रार्थना करते समय उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े। 'उड़ता तीर' 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है और इसी से पहले इसकी टीम ने गोल्डन टेंपल का दौरा किया। शुरुआत में यह फिल्म 9 अक्टूबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसकी तारीख आगे बढ़ा दी गई। इसके अब तक दो ट्रेलर आ चुके हैं। यह फिल्म आकाश ए. कौशिक के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है, जिसमें कई जाने-माने कलाकार एक साथ नजर आएंगे।



6 दशक से सिखाई जा रही है फिल्म की सिनेमैटोग्राफी

पहले फ्लॉप हुई फिल्म, जो बाद में बनी सिनेमा की मास्टरपीस

नई दिल्ली। एक ऐसी फिल्म जिसने एक डायरेक्टर का कॅरियर तबाह कर दिया हो, दर्शकों ने नकार दिया है, पैसे डुबा दिए हों, वो आज सिनेमा की 'मास्टरपीस' कही जाती है। उस फिल्म की बारीकियों को स्कूलों में पढ़ाया जाता है। इस आर्टिकल में बात एक ऐसी ही फिल्म की हो रही है, जो 65 सालों से कल्ट क्लासिक है। साल 1959 में एक फिल्म रिलीज हुई। फिल्म की कहानी शानदार थी, सिनेमैटोग्राफी दमदार थी, निर्देशन काबिल-ए-तारीफ और संगीत तो दिग्गज संगीतकार एसडी बर्मन ने तैयार किया था। फिर भी यह सफल नहीं हुई। जिस फिल्म की हम यहां बात कर रहे हैं, वो गुरु दत्त स्टारर 'कागज के फूल' है।



हिंदी सिनेमा की कल्ट क्लासिक फिल्म

कागज के फूल' भारत की पहली वाइडस्क्रीन फिल्म थी, जिसमें सिनेमास्कोप का इस्तेमाल किया गया था। ऐसा कहा जाता है कि फिल्म गुरु दत्त की जिंदगी पर आधारित थी। वहीं, कुछ लोग मानते हैं कि फिल्म मशहूर डायरेक्टर ज्ञान मुखर्जी की जिंदगी से इंस्पायर्ड है। हालांकि, दोनों ही दावों पर सिर्फ चर्चा ही होती है, इसमें कितनी सच्चाई है? यह कहा नहीं जा सकता है।

गुरु दत्त के दिल के करीब थी फिल्म

गुरु दत्त ने ही फिल्म का निर्देशन किया था। वह बतौर निर्माता-निर्देशक सिनेमा के सबसे सफल हस्ती हुआ करते थे। 'कागज के फूल' उनके दिल के करीब थी। जब उन्होंने यह फिल्म बनाई तो पैसे खर्च करने में जरा भी नहीं सोचे। खुद लीड एक्टर थे और साथ में वहीदा रहमान , कुमारी नाज, महमूद और जॉनी वॉल्कर जैसे अभिनेता अहम भूमिकाओं में थे।

फिल्म की कहानी

फिल्म की कहानी एक अकेले, बूढ़े और शराब के आदी हो चुके निर्देशक सुरेश सिन्हा की है, जो एक खाली स्टूडियो में बैठकर अपने पुराने दिनों को याद करता है। फिल्म में गुरु दत्त की परफॉर्मेंस दमदार थी। वह निर्देशक के दर्द को बयां करने में सफल रहे। इस फिल्म से बहुत उम्मीदें थीं।

फिल्म की असफलता के बाद छोड़ा निर्देशन

मगर जब फिल्म बड़े पर्दे पर आई तो यह दर्शकों को सिनेमाघरों में खींच पाने में नाकामयाब रही। कहा जाता है कि फिल्म का सैड प्लॉट, फिल्म क्रिटिक्स की आलोचना ने इस फिल्म को असफल बना दिया। फिल्म की असफलता ने गुरु दत्त को इमोशनली और फाइनेंशियली तोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने किसी फिल्म का निर्देशन नहीं किया। हालांकि, उन्होंने फिल्म का निर्माण करना जारी रखा।

स्कूलों में पढ़ाई जाती है फिल्म

वक्त के साथ-साथ गुरु दत्त की 'कागज के फूल' कल्ट क्लासिक बन गई। जिस फिल्म को 1959 में ऑडियंस नहीं मिल रही थी, उसे आज फिल्म स्कूलों में पढ़ाया जाता है। यह फिल्म हिंदी सिनेमा में टेक्निकल रिवोल्यूशन लेकर आई थी। यह अपने समय के आगे की फिल्म थी जिसमें पहली बार सिनेमास्कोप का इस्तेमाल किया गया था। स्कूल में फिल्म की धांसू सिनेमैटोग्राफी, स्टोरीटेलिंग का अंदाज और गुरु दत्त के निर्देशन की बारीकियों को पढ़ाया जाता है।

खबर संक्षेप

संबलपुर-प्रयागराज के बीच कल चलेगी स्पेशल ट्रेन

रायगढ़। यात्रियों की सुविधा के लिए संबलपुर से प्रयागराज के बीच एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन चलेगी। गाड़ी संख्या 08305 संबलपुर-प्रयागराज स्पेशल 23 अक्टूबर शुक्रवार को संबलपुर से रवाना होगी। इस ट्रेन का ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायगढ़ सहित बिलासपुर, अनूपपुर और शहडोल स्टेशनों पर भी निर्धारित किया गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार स्पेशल ट्रेन संबलपुर से शाम 4:30 बजे रवाना होगी। यह झारसुगुड़ा रोड स्टेशन पर शाम 5:40 बजे पहुंचेगी और 5:42 बजे रवाना होगी। इसके बाद ट्रेन शाम 7 बजे रायगढ़ पहुंचेगी और दो मिनट के ठहराव के बाद आगे बढ़ेगी। ट्रेन रात 9:50 बजे बिलासपुर पहुंचेगी और 10 बजे रवाना होगी। अगले दिन रात 12:45 बजे अनूपपुर तथा रात 1:45 बजे शहडोल स्टेशन पहुंचेगी। दोनों स्टेशनों पर दो-दो मिनट का ठहराव रहेगा।

मोबाइल लूटने वाला मुख्य आरोपी समेत 6 गिरफ्तार

रायगढ़। ट्रेलर चालक से चाकू की नोक पर मोबाइल और नकदी लूटने के मामले में जूटमिल पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें लूट की वारदात को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी शनि केंवट और लूटे गए मोबाइल की खरीद-बिक्री में शामिल पांच अन्य आरोपी हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल और बिक्री की रकम से खरीदा गया मोबाइल भी जब्त किया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को रिमांड पर भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार चक्रधरनगर क्षेत्र के कृष्णवाटिका बोईरदादर निवासी दीपक कुमार ने जूटमिल थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 10 अक्टूबर को वह ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एएस 9699 में झारसुगुड़ा से कोयला लोड कर तमनार जा रहा था। सुबह करीब पांच बजे अमलीभौना स्थित शीला पेट्रोल पंप के पास तीन अज्ञात लोगों ने उसे रोक लिया।

सीबीएसई बॉयज़ हॉकी नेशनल्स में जिंदल स्कूल का शानदार प्रदर्शन

अंडर 14 में जिंदल स्कूल बना राष्ट्रीय चैंपियन फाइनल में 4-1 से जीत के लिए क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



सीबीएसई बॉयज़ हॉकी नेशनल्स 2026-27 में ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़ के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, आक्रामक रणनीति और शानदार टीमवर्क के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में विद्यालय की अंडर-14 टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन का खिताब अपने नाम किया, वहीं अंडर-19 टीम ने द्वितीय उपविजेता सेकंड रनर अप का स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

करनाल हरियाणा के एसपीएस स्कूल में खेले जा रहे हॉकी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के अंडर-14 बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में ओपी जिंदल स्कूल का सामना वेल्स विद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल एतमिलनाडु से हुआ। मैच के शुरुआती क्षणों से ही के खिलाड़ियों ने आक्रामक रुख अपनाते हुए विपक्षी टीम पर दबाव बनाए रखा। खिलाड़ियों के बीच बेहतरीन तालमेल, सटीक पासिंग, तेज गति और प्रभावशाली आक्रमण देखने को मिला। पूरे मुकाबले में की टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा और शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 4-1 के विशाल अंतर से जीत दर्ज की। इस शानदार विजय के साथ ओपी जिंदल स्कूल की अंडर-14 बालक टीम ने राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के लिए क्वालीफाई कर लिया। यह उपलब्धि खिलाड़ियों की मेहनत, समर्पण, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल भावना का प्रमाण है।

> ओपी जिंदल स्कूल की यह उपलब्धि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता हासिल करने के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में सक्रिय भागीदारी, निरंतर परिश्रम और बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।
>
> प्राचार्य
> आरके त्रिवेदी

अंडर-19 टीम ने भी बढ़ाया विद्यालय का मान

अंडर-19 वर्ग में भी की टीम ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए द्वितीय उपविजेता का स्थान हासिल किया। दोनों आयु वर्गों में खिलाड़ियों का प्रदर्शन विद्यालय की सुदृढ़ खेल संस्कृति, निरंतर अभ्यास और टीम भावना को दर्शाता है। टीम के हॉकी कोच जितेंद्र मेवाड़ा तथा हिमांशु ने प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का निरंतर मार्गदर्शन किया। मैच की परिस्थितियों और विपक्षी टीम की रणनीति को ध्यान में रखते हुए समय समय पर खेल की रणनीति में आवश्यक बदलाव किए गए। खिलाड़ियों ने इन रणनीतियों को मैदान पर प्रभावी ढंग से लागू किया, जिसके परिणामस्वरूप टीम ने शुरुआत से ही खेल पर मजबूत पकड़ बनाए रखी। कोच जितेंद्र मेवाड़ा ने इस सफलता का श्रेय खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, आपसी समन्वय और प्रशिक्षकों के सामूहिक प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों का आत्मविश्वास, संघर्षशीलता और टीम के रूप में एकजुट होकर खेलने का जज्बा इस उपलब्धि की प्रमुख ताकत रहा।



मां चंद्रहासिनी मंदिर न्यास ने सात कंटेंट क्रिएटर्स को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

मां चंद्रहासिनी देवी मंदिर में आयोजित शारदीय नवरात्रि महोत्सव के दौरान गोपाल महाप्रभु एवं मां चंद्रहासिनी देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास, चंद्रपुर द्वारा नगर के सात कंटेंट क्रिएटर्स को उत्कृष्ट कंटेंट क्रिएटर सम्मान से सम्मानित किया गया। मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोकगायक राकेश शर्मा की उपस्थिति में सभी को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले कंटेंट क्रिएटर्स में शिव माली, गणेश निषाद, योगेश नामदेव, आकाश बरेठ, शिवांगी थवाईत, दिलेश देवांगन एवं रिंकू मेहर शामिल हैं। ये सभी कंटेंट क्रिएटर अपने सोशल मीडिया पेज के माध्यम से चंद्रपुर एवं आसपास के क्षेत्रों की धार्मिक परंपराओं, सांस्कृतिक आयोजनों, स्थानीय व्यवसायों तथा जनसमस्याओं को लोगों तक पहुंचाते हैं। इनके वीडियो के माध्यम से क्षेत्र की संस्कृतिए धार्मिक स्थलों और स्थानीय गतिविधियों का प्रचार प्रसार देश दुनिया तक हो रहा है। डिजिटल माध्यम से क्षेत्र की पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में इन युवाओं की भूमिका सराहनीय है। मंदिर न्यास द्वारा किया गया यह सम्मान स्थानीय प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के साथ ही क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक विरासत और जनसरोकारों को डिजिटल मंच पर पहचान दिलाने के उनके प्रयासों का सम्मान है।



वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस ने किया पर्चा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



दशहरा पर्व के अवसर पर आज रामलीला मैदान एवं उसके समीप सत्तीगुड़ी चौक में रावण दहन देखने पहुंचे लोगों की भारी भीड़ के बीच रायगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शाखा यादव के नेतृत्व में वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के तहत पर्चा वितरण किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम नागरिकों तक पहुंचकर मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया और मताधिकार की संवैधानिक सुरक्षा से जुड़े सवालों को उठाया। वितरित पर्चे में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से इस्तीफे की मांग के साथ मतदाता सूची की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न आपत्तियां एवं मांगों का विवरण उल्लेख है।

कांग्रेस ने पर्चे के माध्यम से आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और फॉर्म 6 में किए गए बदलावों को लेकर गंभीर सवाल सामने आए हैं। पर्चे में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यशैली पर आपत्ति दर्ज करते हुए कहा गया कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता और विश्वसनीयता लोकतंत्र की बुनियाद है।

कया घाट की छठ बेदी तोड़ने का विरोध

रायगढ़। नए मरीन ड्राइव के निर्माण के दौरान कया घाट में छठ पूजा के लिए बनाई गई बेदी तोड़े जाने पर मोहल्लेवासियों ने विरोध जताया। निर्माण कार्य के बीच घाट की बेदी तोड़े जाने की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। हालांकि, उनके पहुंचने तक घाट में बनी आधी बेदी तोड़ी जा चुकी थी। इसके बाद मोहल्लेवासियों ने निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों और ठेकेदार के सामने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए छठ पर्व के बाद कार्रवाई करने की मांग की। मोहल्लेवासियों का कहना है कि घाट में बनी बेदी तोड़ने से पहले उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई। आगामी 15 नवंबर को छठ पर्व मनाया जाना है। ऐसे में घाट की बेदी टूटने से पूजा की तैयारियों और आयोजन में परेशानी हो सकती है। स्थानीय लोगों ने मांग की कि छठ पर्व तक बेदी को सुरक्षित रखा जाए और इसके बाद निर्माण कार्य किया जाए। साथ ही, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नया घाट बनाकर देने की भी मांग उठाई। मौके पर मौजूद ठेकेदार शाहनवाज अंसारी ने बताया कि संबंधित घाट मरीन ड्राइव की बाउंड्रीवाल की जद में आ रहा है। इसे तोड़ने का निर्णय पहले ही लिया जा चुका था। उन्होंने बताया कि मरीन ड्राइव में मुक्तिधाम के पास केवल एक घाट बनाने का निर्णय लिया गया है। ठेकेदार के अनुसार, जिस घाट को तोड़ा जा रहा था, वह पहले से ही जर्जर स्थिति में था।

